A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT VILL.SAMADHANPUR, BLOCK. BKT OF DISTT. LUCKNOW ON. 19.01.2024

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति " भावना "

****

भावना की निर्धन जन सहायता योजना के अंतर्गत शीत ऋतु में निर्धन बुजुर्ग,विधवा महिलाओं तथा विकलांग व्यक्तियों को ऊनीकम्बलों का वितरण किया जाता है।भावना के ग्राम्यांचल एवम् निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,षष्ठम् शीतकालीन सहायता शिविर दिनाँक 19-01-2024 को जनपद लखनऊ,विकास खण्ड बीकेटी के ग्राम समाधानपुर में आयोजित किया गया जिसमे ग्राम समाधानपुर, धनिंग्रा व पश्चिम गाँव के निवासियों ने भाग लिया।

सभा को निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया ने सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार और केंद्र सरकार की जनहितकारी व जनोपयोगी योजनाओं को,इनसे प्राप्त होने वाले लाभ सहित,सविस्तार बताया।सभी को जनसेवा केंद्र पर जाकर राज्य सरकार का ई-श्रम कार्ड तथा भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया।

शिविर में उपस्थित पूर्व चयनित वृद्ध, विधवा तथा दिव्याँग पात्रजनों को 105 अदद नये ऊनी कम्बल दिये गये तथा भावना सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण किया गया।।

इस कार्यक्रम में भावना निर्धन जन सेवा के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,ब्लॉक प्रमुख चिनहट श्रीमती उषा यादव,श्री जगमोहन लाल जायसवाल महासचिव (कार्यन्वयन),श्री सुनील कुमार उप्रेती (भावना - उपकोषाध्यक्ष) श्रीमती नीना अग्रवाल (सदस्य-महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ),सदस्य श्री आर. सी.अग्रवाल,श्री मुकेश सरन,श्रीमती मधु कुमार, श्री दीनबंधु यादव,डॉ.राम सजीवन शुक्ला,श्री आदित्य प्रकाश सिंह,ग्राम प्रधान श्री देशराज,श्री तानसेन यादव , श्री लव कुश त्रिवेदी व अन्य अनेक भद्रजन उपस्थित रहे।

--प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ